

यही वह चीज है जिससे मैं खुश हूं। हमारे पास सभी बल्लेबाजों के लिए योजनाएं हैं लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि हम उन्हें लागू करें। क्षेत्ररक्षकों ने गेंदबाजों का अच्छी तरह से समर्थन किया।
- हरमनप्रीत

भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान, इंग्लैण्ड के विरूद्ध जीत पर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶

## जॉनी बेयरस्टो



इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने बुधवार को पुष्टि की है कि उनके पैर की सर्जरी सफल रही है और वह आराम के लिए घर वापस जा रहे हैं। इंग्लैंड बोर्ड द्वारा टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम का ऐलान करने के कुछ घंटों बाद टीम का हिस्सा रहे जॉनी बेयरस्टो को गोल्फ खेलते समय चोट लगी थी और इस वजह से टूर्नामेंट सहित कई सीरीज से बाहर हो गए थे।स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने इंस्टाग्राम पर अपने पैर की सफल सर्जरी के बाद की एक तस्वीर शेयर करते हुए फैंस को सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरूआत शून्य (0) से की।

# उच्चतम न्यायालय ने बीसीसीआई के संविधान में संशोधन की अनुमति दी

## गांगुली और शाह पद पर बने रहने का रास्ता साफ

नयी दिल्ली, 14 सितंबर। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के संविधान में संशोधन की अनुमति दी जिससे इसके अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के अनिवार्य ब्रेक (कूलिंग ऑफ पीरियड) पर जाए बगैर पद पर बने रहने का रास्ता साफ हो गया।

बीसीसीआई ने अपने प्रस्तावित संशोधनों में अपने पदाधिकारियों के लिए अनिवार्य ब्रेक में ढील देने की मांग की थी, जिससे गांगुली और शाह को 30 सितंबर 2022 के बाद भी अगले तीन साल के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष और सचिव के पद पर बने रहे। भारत के पूर्व कप्तान गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई में शीर्ष पदों पर रहे हैं।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की पीठ ने कहा कि एक पदाधिकारी का लगातार 12 साल का कार्यकाल हो सकता है जिसमें राज्य संघ में छह साल और बीसीसीआई में छह साल शामिल हैं लेकिन इसके बाद तीन साल के ब्रेक पर जाना होगा।

पीठ ने कहा कि एक पदाधिकारी बीसीसीआई और राज्य संघ दोनों स्तरों पर लगातार दो कार्यकाल के लिए एक विशेष पद पर काम कर सकता है जिसके बाद उसे तीन साल का ब्रेक लेना होगा।

पीठ ने कहा, ''ब्रेक की अवधि का उद्देश्य



अवांछित एकाधिकार नहीं बनने देना है।''

इससे पहले न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा की अगुवाई वाली समिति ने बीसीसीआई में सुधारों की सिफारिश की थी जिसे शीर्ष अदालत ने स्वीकार किया था।

इसमें उच्चतम न्यायालय द्वारा स्वीकृत बीसीसीआई के संविधान के अनुसार राज्य क्रिकेट संघ या बीसीसीआई में तीन-तीन साल के लगातार दो कार्यकाल के बाद किसी भी व्यक्ति का तीन साल के ब्रेक पर जाना अनिवार्य था।

गांगुली जहां बंगाल क्रिकेट संघ में पदाधिकारी थे तो वहीं शाह गुजरात क्रिकेट संघ से जुड़े थे।

इस फैसले के बाद बोर्ड के अंदर कई मुद्दों पर चर्चा शुरू हो गयी है। इसमें सबसे अहम है कि क्या हम गांगुली को बीसीसीआई के अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे? या वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश करेंगे? ऐसे में क्या क्या जय शाह को बीसीसीआई के सदस्य अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत करेंगे?

बीसीसीआई के अंदर में इस बात की भी चर्चा है जल्द ही चुनाव हो सकते है।

बोर्ड के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, '' बोर्ड में एजीएम (वार्षिक आम बैठक) के बाद चीजें बदल सकती हैं। जब तक नामांकन पत्र दाखिल नहीं हो जाते, तब तक आप कुछ नहीं कह सकते। यह कहना जल्दबाजी होगी कि एजीएम के बाद क्या होगा। हां, न्यायालय का फैसला वर्तमान पदाधिकारियों के पक्ष में है।''

शीर्ष अदालत ने भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील पर गौर किया कि मौजूदा धाराओं के तहत एक पदाधिकारी अगर राज्य संघ की सेवा के बाद बीसीसीआई में सेवा देता है तो अनिवार्य रूप से तीन साल की अनिवार्य ब्रेक से गुजरना होगा, जिससे उसे अपनी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए काफी कम समय मिलेगा।

मेहता ने कहा, '' एक पदाधिकारी के लिए अपनी योजना को अंजाम देने के लिए तीन साल बहुत कम होते हैं और इसलिए काम के उचित निष्पादन के लिए लगातार दो कार्यकाल दिए जाने की आवश्यकता है।''

पीठ ने कहा कि बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक में तीन-चौथाई बहुमत से सर्वसम्मति से विचार किया गया है और उन्होंने संविधान में संशोधन का प्रस्ताव दिया है जिसमें अध्यक्ष और सचिव के पद के लिए अनिवार्य ब्रेक की बारे में भी कहा गया है।

न्याय मित्र मनिंदर सिंह ने कहा कि कूलिंग ऑफ पीरियड की आवश्यकता केवल बीसीसीआई के अध्यक्ष और सचिव तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि सभी पदाधिकारियों के लिए भी होनी चाहिए। यह सभी राज्य क्रिकेट संघों पर भी लागू होनी चाहिए।

# मंधाना के अद्धर्शतक की बदौलत भारत ने शृंखला बराबर की



डर्बी, 14 सितंबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने स्मृति मंधाना (79 नाबाद) के अद्धर्शतक और स्नेह राणा (24/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को दूसरा टी20 मैच आठ विकेट से हराकर शृंखला एक-एक से बराबर की।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 143 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे हरमनप्रीत कौर की टीम ने 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया।

इंग्लैंड के 142 रन का पीछा करते हुए मंधाना ने भारत को विस्फोटक शुरुआत दिलायी और शेफाली वर्मा (20) के साथ पहले विकेट के लिये छह ओवर में 55 रन जोड़े।

शेफाली के बाद क्रीज पर आयीं दयालन हेमलता 10 गेंदों पर नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं, जिसके बाद मंधाना ने कप्तान हरमनप्रीत के साथ मिलकर भारत को जीत तक पहुंचाया। मंधाना ने अपनी नाबाद पारी में 53 गेंदों पर 13 चौकों की बदौलत 79 रन बनाये जबकि हरमनप्रीत ने 22 गेंदों पर चार चौकों सहित 29 रन की नाबाद पारी खेली। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिये 69 रन की साझेदारी हुई और भारत ने 20 गेंदें रहते आठ विकेट से मैच जीत लिया।

इससे पहले, इंग्लैंड ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाये थे। इंग्लैंड की ओर से फ्रेया केंप ने 37 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की बदौलत नाबाद 51 रन बनाये, जबकि माया बाउचियर ने 26 गेंदों पर 34 रन जोड़े।

स्नेह राणा ने इंग्लिश बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाकर चार ओवर में 24 रन के बदले तीन विकेट लिये, जिसमें बाउचियर का विकेट शामिल था।

भारत ने इस जीत के साथ तीन मैचों की टी20 शृंखला को एक-एक से बराबर कर दिया है। सीरीज का अंतिम और निर्णायक मैच गुरुवार को ब्रिस्टल में खेला जाएगा।

# उथप्पा ने लिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास

नयी दिल्ली, 14 सितंबर। भारत की एक दिवसीय और टी-20 टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज राबिन उथप्पा ने बुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने का एलान किया।

उथप्पा ने ट्वीट कर कहा अपने देश और कर्नाटक राज्य का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत सम्मानजनक क्षण रहे हैं। एक न एक दिन हर किसी को सन्यास लेना होता है और कृतज्ञ ह्रदय के साथ मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज उथप्पा ने भारतीय टीम के लिए 46 एकदिवसीय और 13 टी-20 मुकाबले खेले हैं। वह हालांकि भारत की टेस्ट टीम में जगह बनाने में असफल रहे। उथप्पा (36) ने नौ अप्रैल 2006 को गुवाहटी के नेहरू स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतर कर अपने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत की थी। उनका आखिरी एक दिवसीय मुकाबला 14 जुलाई 2015 को हरारे में जिमबाववे के खिलाफ था। उथप्पा ने 25.94 की औसत से 46 अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैचों में भारत के लिये 934 रनों का योगदान दिया जिसमें उनके पदार्पण मैच के 86 रन शामिल हैं।

कर्नाटक की विस्फोटक बल्लेबाज उथप्पा ने अपने टी-20 करियर की शुरूआत 13 सितंबर 2007 को स्काटलैंड के खिलाफ की जबकि अंतिम टी-20 मुकाबला 19 जुलाई 2015 को हरारे में जिंबाववे के खिलाफ खेला। वह 2007 टी-20 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे। उथप्पा ने अपने टी-20 करियर में 118 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाये। उथप्पा ने एकदिवसीय और टी-20 मैचों में कुल 1183 रन बनाए।

आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिये उथप्पा पंसदीदा खिलाड़ी रहे। मुबंई इंडियन का साथ निभाकर उन्होने अपने आईपीएल करियर का आगाज किया मगर इस बीच उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स और रायल चैलेंजर बैंगलोर ने भी पसंद कर अपनी टीम में जगह दी। उन्होंने 205 आईपीएल मैचों में 130.25 के स्ट्राइक रेट से 4959 रन बनाये हैं जिसमें उनके 481 चौके और 182 छक्के हैं कि उनका खेलने का अंदाज विस्फोटक बल्लेबाज की तरह रहा है।

# मुंबई इंडियंस ने जयवर्धने, जहीर को नयी जिम्मेदारी सौंपी

मुंबई, 14 सितंबर। मुंबई इंडियंस ने वैश्विक क्रिकेट में अपनी पहचान को और मजबूत करने के लिए एक केंद्रीय टीम का गठन किया है जिसमें दिग्गज खिलाड़ी महेला जयवर्धने और जहीर खान को नयी जिम्मेदारियों के साथ शामिल किया गया है।

मुंबई इंडियंस ने बुधवार को यहां जारी विज्ञिप्त में कहा, एमआई अमीरात और एमआई केप टाउन की टीमों के जुड़ने से एमआई परिवार बड़ा हो गया है। मुंबई इंडियंस के विस्तार के साथ टीम प्रबंधन ने एक ऐसे केंद्रीय टीम की आवश्यकता महसूस की जो व्यवहार, मूल्यों और सीखने-सिखाने में निरंतरता को सुनिश्चित कर सके।

फ्रेंचाइजी ने बताया कि महेला जयवर्धने को केंद्रीय टीम में 'ग्लोबल हेड ऑफ परफॉर्मेंस' बनाया गया है। वह दुनिया भर में मुंबई इंडियन्स समूह के क्रिकेट कार्यों की देख-रेख करेंगे। इसमें समग्र रणनीतिक योजना बनाना, एक एकीकृत वैश्विक 'हाई परफॉर्मेंस ईको-सिस्टम' का निर्माण करना और प्रत्येक टीम की कोचिंग एवं सपोर्ट स्टाफ की जिम्मेदारी शामिल है। साथ ही वह टीम के मुख्य कोचों के साथ मिलकर टीमों में तालमेल को भी सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञिप्त के अनुसार ज़हीर खान को एमआई का 'ग्लोबल हेड ऑफ क्रिकेट डेवलपमेंट' नियुक्त किया गया है। उनपर खिलाड़ियों के खेल में निखार लाने के जिम्मेदारी होगी। दुनिया भर में प्रतिभाओं की पहचान करना, उन्हें संवार कर आगे बढ़ाना ज़हीर काम का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने इस मौके पर कहा, मैं महेला जयवर्धने और ज़हीर खान को हमारी वैश्विक कोर टीम के हिस्से के रूप में पाकर बेहद खुश हूं। दोनों एमआई परिवार का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं और क्रिकेट एमआई की भावना का प्रतीक हैं। मुझे विश्वास है कि वे विश्व स्तर पर हमारी सभी टीमों के माध्यम से समान प्रवाह सुनिश्चित करने में सक्षम होंगे और दुनिया भर में क्रिकेट के ईको-सिस्टम में बदलाव लाएंगे।

जयवर्धने ने कहा, एमआई के वैश्विक क्रिकेट संचालन का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। श्रीमती अंबानी और आकाश के नेतृत्व और मार्गदर्शन ने एमआई को दुनिया की सबसे मूल्यवान क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी बना दिया है। और मैं एमआई को विश्व स्तर पर बढते हुए देखकर बहुत खुश हूं। मैं क्रिकेट के एक मजबूत एकजुट वैश्विक ब्रांड के निर्माण के लिए इस नयी जिम्मेदारी के लिए तैयार हूं।

# वायुसेना ने जीत का स्वाद चखा, रॉयल रेंजर्स को हराया

नयी दिल्ली, 14 सितंबर। भारतीय वायुसेना ने लगातार पराजयों का सिलसिला तोड़ते हुए प्रीमियर लीग में रोयल रेंजर्स को 4-3 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। मैन ऑफ द मैच मणि मारन, सोमानन्दन सिंह, बिश्वजीत हलदार और तोम्बिंग गुजाम ने विजेता टीम के गोल किए। रॉयल रेंजर्स के लिए डेली (2) और प्रशांत वर्मन ने गोल जमाए। दिन के दूसरे रोमांचक मुकाबले में फ्रेंड्स यूनाइटेड ने तरुण संघा को 3-2 से परास्त किया। विजेता के गोल संडे, अजय और अभिषेक ने किए, जबकि तरुण संघा के दोनों गोल स्टेनले ने जमाए। खेलों इंडिया महिला लीग में अहबाब क्लब ने शी किक्स को डिप्सना थापा (सात गोल) के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत 9-1 से, जबकि फ्रंटियर ने उत्तरांचल को 14-0 से परास्त किया। एक अन्य मैच में ईव्स ने हिमांशी की तिकड़ी से जगुआर को 11-0 से छकाया।

# स्टार्क, मिचेल, स्टोइनिस भारत दौरे से बाहर

मेलबर्न 14 सितंबर। आस्ट्रेलिया ने अपने तीन चोटिल दिग्गज खिलाड़ियों को अगले महीने होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखते हुये भारत दौरे से बाहर रखा है।

अनुभवी मिचेल स्टार्क घुटने की समस्या से जूझ रहे है जबकि हरफनमौला मिचेल मार्श एड़ी और मार्कस स्टोइनिस मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 20 सितंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। तीनों दिग्गज खिलाड़ियों के 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप के पहले मुकाबले तक फिट होने की उम्मीद है।

आस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय दल में तेज गेंदबाज नाथन एलीस, डेनियल सैम्स और सीन एबोट को जगह दी है। टीम अगले हफ्ते भारत के लिये उड़ान भरेगी। स्टोइनिस के तौर पर टीम को हुये नुकसान की भरपाई युवा टिम डेविड करेंगे जिनका यह पहला अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबला होगा वहीं मार्श की जगह अनुभवी स्टीव स्मिथ पर प्रबंधन ने एक बार फिर भरोसा जताया है। अनुभवी डेविड वार्नर को भी इस दौरे में विश्राम दिया गया है।

आस्ट्रेलिया इस दौरे में भारत के खिलाफ अपना पहला टी-20 मुकाबला मोहाली में 20 सितंबर को खेलेगी जबकि उसका दूसरा मैच 23 सितंबर को नागपुर में होगा। दौरे के तीसरे और अंतिम मैच में टीम हैदराबाद में 25 सितंबर को मेजबान टीम से भिड़ेगी।

आस्ट्रेलियाई टीम में एरन फिंच (कप्तान), सीन एबोट, एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, केन रिचर्डसन,डेनियन सेम्स, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड, एडम जम्पा हैं।

# खेल मंत्रालय ने एनटीपीसी, आरईसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

नयी दिल्ली, 14 सितंबर। खेल मंत्रालय ने बुधवार को देश के सबसे बड़े ऊर्जा समूह एनटीपीसी और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें दोनों सार्वजनिक उपक्रमों ने राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) को 215 करोड़ रुपये देने का वादा किया।

एनटीपीसी जहां तीरंदाजी के विकास के लिए 115 करोड़ रुपये देगी, वहीं आरईसी महिला हॉकी और मुक्केबाजी के लिए 100 करोड़ रुपये देगी।

समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर के दौरान खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, बिजली और नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह, एनटीपीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह और आरईसी के मुख्य प्रबंध निदेशक विवेक कुमार सहित अन्य लोग शामिल मौजूद थे।

एनटीपीसी 2018 से खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के साथ साझेदारी में तीरंदाजों का समर्थन कर रहा है। इसका उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है।

अपनी सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) पहल के तहत एनटीपीसी ने तीरंदाजी के विकास के लिए पांच वर्षों में 115 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई है। इसमें सेप्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना, धनुष और तीर जैसे उपकरणों के लिए 15 करोड़ रुपये एकमुश्त खर्च किये जायेंगे। बाकी के 100 करोड़ रुपये अगले पांच साल में खर्च किये जायेंगे।

इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि देश में खेलों को बढ़ावा देने के पीछे वित्तीय सहायता काफी अहमहै और भारत को एक खेल राष्ट्र बनाने के सरकार के प्रयास में सार्वजनिक उपक्रमों से इस तरह की अधिक मदद की जरूरत है।

उन्होंने कहा, ''जैसे किसी एथलीट को ताकत की आवश्यकता होती है, वैसे ही खेलों को बढ़ावा देने के लिए धनकी आवश्यकता होती है। एनटीपीसी और आरईसी की यह पहल एथलीटों को देश के लिए पदक जीतने का मनोबल देगा।''

आर.के. सिंह ने कहा, ''मैं अन्य कंपनियों, सार्वजनिक उपक्रमों और व्यक्तियों से इस तरह ही पहल के लिए आगे आने और खेलों को बढ़ावा देने का आग्रह करता हूं। ''

# 20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की संभावित टीम घोषित

इस्लामाबाद, 14 सितम्बर।

पाकिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में तेज गेंदबाज शाहिन शाह अफरीदी को भी शामिल किया गया, जोकि चोट के कारण एशिया कप 2022 से बाहर हो गए थे। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले शान मसूद को भी टीम में मौका दिया गया है। वहीं,सरफराज अहमद, मोहम्मद हारिस, उस्मान कादिर औरइफ्तिखार अहमद को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम में रखा गया है। हालांकि पीसीबी ने कहा है किटी20 वर्ल्ड कप के लिए अंतिम फुल स्क्वॉड का चयन इंग्लैंड के खिलाफ सात टी20 मैचों की सीरीज के बाद किया जाएगा।

# अंडर-17 महिला फुटबाल विश्व कप के आयोजन को मंत्रिमंडल की मंजूरी

नयी दिल्ली, 14 सितम्बर। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में फेडरेशन डी फुटबॉल एसोसियेशन (फीफा) अंडर-17 महिला विश्व कप के आयोजन को हरी झंडी दिखा दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में अंडर-17 महिला फुटबाल विश्व कप के आयोजन की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस विश्व कप का आयोजन 11 से 30 अक्टूबर 2022 तक किया जायेगा। इस विश्व कप का देश में पहली बार आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले भारत में अंडर -17 पुरूष विश्व कप का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दुनिया भर की युवा महिला खिलाड़ी अपना जौहर दिखायेंगी।

उल्लेखनीय है कि फीफा ने 'तीसरे पक्ष के अनावश्यक हस्तक्षेप' का हवाला देते हुए 16 अगस्त, 2022 को भारत को निलंबित कर दिया था, जिसके बाद देश से फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी भी छिन गयी थी। फीफा ने कहा था कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संचालन के लिये गठित प्रशासकों की समिति के भंग होने और महासंघ के दैनिक कार्य एआईएफएफ प्रशासन के हाथों में जाने के बाद यह निलंबन हटा दिया जाएगा।

उच्चतम न्यायालय ने आवश्यक कदम उठाते हुए एआईएफएफ को उसके महासचिव सुनंदो धर के हवाले कर दिया था, जिसके बाद फीफा ने भारत से निलंबन हटा लिया। इस फैसले के साथ फीफा ने अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी भी भारत को लौटा दी।

श्री ठाकुर ने कहा कि इस आयोजन के लिए एआईएफएफ को खेल के मैदान के रख-रखाव, स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता, ऊर्जा एवं केबल बिछाने तथा मैदान और प्रशिक्षण साइट की ब्रांडिंग आदि के लिए 10 करोड़ रूपये की सहायता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस सहायता का वित्तीय परिव्यय राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को सहायता योजना के लिए बजटीय आवंटन से वहन किया जाएगा।

# इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप के लिए साकेर, हसी को कोचिंग दल में शामिल किया

लंदन, 14 सितंबर। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए पूर्व तेज गेंदबाजी कोच डेविड साकेर और पूर्व बल्लेबाज माइकल हसी को टीम के कोचिंग दल में शामिल किया है।

बोर्ड के इस फैसले से टीम के कोचिंग दल में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा होगा। इन दोनों के अलावा टीम के मुख्य कोच मैथ्यू मोट भी ऑस्ट्रेलिया से है।

साकेर पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला से टीम से जुड़ेंगे। वह इससे पहले इंग्लैंड को गेंदबाजी कोच के तौर पर पांच साल की सेवाएं दे चुके हैं। उनके कोच रहते इंग्लैंड ने 2010-11 में एशेज श्रृंखला अपने नाम की थी और टीम रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंची थी। उनका पिछला कार्यकाल 2015 तक रहा था।

साकेर इसके बाद ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के गेंदबाजी कोच रहे।

मिस्टर क्रिकेट के नाम से पहचाने जाने वाले हसी कई टीमों के कोचिंग दल का हिस्सा रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के अलावा इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जुड़े रहे हैं। वह बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर्स के निदेशक भी हैं।

# अभिजीत ने आठ अंडर 62 का शानदार कार्ड खेला

जयपुर, 14 सितंबर। चंडीगढ़ के गोल्फर अभिजीत सिंह चड्ढा ने जयपुर ओपन के शुरुआती दौर में बुधवार को यहां आठ अंडर 62 के शानदार स्कोर के साथ बढ़त हासिल की।

पीजीटीआई में तीन बार के विजेता अभिजीत ने 15 होल में 25 फुट दूर से गेंद को होल में पहुंचा कर बर्डी बनायी।

अहमदाबाद के अंशुल पटेल ने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन छह अंडर 64 के कार्ड के साथ दूसरे स्थान पर है।

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से काबिज चार गोल्फर चंडीगढ़ के अमृत लाल और अक्षय शर्मा, कोलकाता के अर्जुन पुरी और बेंगलुरु के मारी मुथु ने 65 का कार्ड खेला।

# कोहली अंतरराष्ट्रीय टी20 रैंकिंग में 15वें स्थान पर

दुबई, 14 सितंबर। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एशिया कप 2022 में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाते हुए 15वां स्थान हासिल कर लिया है।

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार कोहली की टी20 रैंकिंग में 14 पायदान का सुधार हुआ है और वह 599 रैंकिंग पॉइंट के साथ 15वें स्थान पर हैं।

कोहली ने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ लगभग तीन वर्षों (1020 दिन के बाद) के अंतराल के बाद शतक जड़ा था। उन्होंने एशिया कप के पांच मैचों में कुल 276 रन बनाए जिसमें एक शतक के अलावा दो अद्धर्शतक भी शामिल हैं।

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम ने बाबर आजम को पछाड़ कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में भुवनेश्वर कुमार चार पायदान चढ़कर सातवीं रैंकिंग पर आ गये हैं। भुवनेश्वर एशिया कप के पांच मैचों में 10.45 की औसत से 11 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार रन के बदले पांच विकेट लिये थे।

इसी बीच, श्रीलंका के हरफनमौला वानिंदू हसरंगा टी20 गेंदबाजों की सूची में छठे और हरफनमौलाओं की सूची में चौथे स्थान पर आ गये हैं। हसरंगा ने एशिया कप में कुल नौ विकेट लिये और उनकी गेंदबाजी ने श्रीलंका को टूर्नामेंट जिताने में प्रमुख भूमिका निभाई।

कोहली के हमवतन लोकेश राहुल (सात स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर) और श्रीलंका के स्टार बल्लेबाज भानुका राजपक्षे (68वें स्थान से छलांग लगाकर 34वें स्थान पर) ने भी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में बढ़त हासिल की है।

# आर्सेनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच मैच को स्थगित किया गया

लंदन, 14 सितंबर। आर्सेनल और पीएसवी आइंडहोवेन के बीच स्थगित यूरोपा लीग का मुकाबला अगले महीने होगा क्योंकि प्रीमियर लीग लंदन के फुटबॉल क्लब के मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ होने वाले मुकाबले को स्थगित करने को राजी हो गया है। यूरोपीय फुटबॉल की संचालन संस्था यूएफा ने कहा है कि आर्सेनल और पीएसवी के बीच होने वाला मैच 20 अक्टूबर को होगा। यह मुकाबला गुरुवार को होना था लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि रानी एलिजाबेथ द्वितीय की राजकीय अंत्येष्टि की तैयारी के दौरान पुलिस के पास लंदन में संसाधन नहीं हैं। प्रीमियर लीग की मौजूदा दो शीर्ष टीम के बीच होने वाले मुकाबले में आर्सेनल को 19 अक्टूबर को मैनचेस्टर सिटी की मेजबानी करनी थी।